पीपुल्स समाचार peoplesupdate.com रायपुर/दुर्ग-भिलाई/राजनांदगांव/खैरागढ़/बालोद/बालौदाबाजार/भाटापारा/कसडोल रायपुर, शुक्रवार, 20 नवंबर 2026

महिला आयोग अध्यक्ष ने राज्यपाल को कार्यशाला का न्योता दिया



रायपुर। राज्यपाल रमेन डेका से लोक भवन में छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. ममता साहू ने सौजन्य भेंट की । उन्होंने राज्यपाल को आगामी 23 नवंबर 2026 को मानव तस्करी एवं घरेलू हिंसा विषय पर आयोजित प्रशिक्षण सह कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।

विकासखंड का स्तरीय कला उत्सव में जिला शिक्षा अधिकारी ने बढ़ाया बच्चों का उत्साह

पीपुल्स संवाददाता ● बालोद
editor@peoplessamachar.co.in



प्रत्येक वर्ष कला उत्सव का आयोजन किया जाता है,जिसके अंतर्गत बच्चों के अंदर विकसित कलात्मक क्षमता को बढ़ाने के लिए गायन, वादन,नृत्य चित्रकला, मूर्ति कला, बांस कला प्रतियोगिता होता है ।

विकासखंड स्तरीय कला उत्सव का आयोजन शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोली लोहारा में किया गया,कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी प्राचार्य प्रदीप कुमार मेश्राम और निर्णायक मंडल मुनमुन सिन्हा, विजय पटेल, पुराणिक लाल सोरी सर द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया, कार्यक्रम नोडल के रूप में सुश्री एनुका शार्वा ने कार्यक्रम की रूपरेखा को बतलाया गया। मंच संचालन हेमंत साहू द्वारा किया गया। वादन शैली के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ ,इसके कुछ समय पश्चात जिला शिक्षा अधिकारी दीपक दुबे , सहायक परियोजना अधिकारी राजेश्वर राव कृदत्त, विकास खंड शिक्षा अधिकारी भूषण साहू, शिक्षक आकाश चंदेल, खेमंत साहू का आगमन हुआ।

बस चालकों एवं अधिकारी-कर्मचारियों को 'चिकित्सा प्रथमोपचार' एवं 'अग्नि सुरक्षा' का दिया प्रशिक्षण

पीपुल्स संवाददाता ● बालोद
editor@peoplessamachar.co.in



कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार सड़क दुर्घटना, आकस्मिक चिकित्सा आपातकाल तथा आगजनी जैसी विषम परिस्थितियों में त्वरित एवं सही मदद से बहुमूल्य जीवन बचाने के उद्देश्य से जिला परिवहन कार्यालय द्वारा कल 18 नवंबर को संयुक्त जिला कार्यालय स्थित सभाकक्ष में विशेष 'चिकित्सा प्रथमोपचार एवं अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में जिला चिकित्सालय बालोद के आपातकालीन एवं ट्रॉमा विभाग के अस्थि रोग विशेषज्ञ (ऑर्थोपेडिक सर्जन) डॉ. पंकज सोरी ने प्रतिभागियों को प्राथमिक उपचार के महत्वपूर्ण सिद्धांतों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने सड़क दुर्घटना या यात्रा के दौरान किसी यात्री के अचानक अस्वस्थ होने पर अपनाए जाने वाले जीवन रक्षक उपायों के बारे में बताया। इस दौरान बेहोश व्यक्ति की जांच, सांस रुकने पर दिए जाने वाले सीपीआर, तेज रक्तस्त्राव को रोकने, फ्रैक्चर या रीढ़ की चोट में सावधानी बरतने, जलने, दौरे पड़ने तथा हार्ट अटैक व स्ट्रोक के लक्षणों की पहचान करने की विधि समझाई गई।

भाजपा के नेताओं ने जीत का संकल्प लिया

भिलाई में भाजपा के दिवाली मिलन में निकाय चुनाव को लेकर दिखा जोश

पीपुल्स संवाददाता ● भिलाई
editor@peoplessamachar.co.in



भाजपा भिलाई के द्वारा एक निजी होटल में दिपावली मिलन समारोह का आयोजन में बड़ी संख्या में बड़े नेताओं के साथ पार्टी के कार्यकर्ताओं में कर्मजोशी देखी गई ।क्योंकि आने वाला माह में निकाय चुनाव होने जा रहे है। सुशासन की सरकार में निकायों में जीत का परचम सभी कार्यकर्ताओं को लहराना है इसका सभी ने वहां पर संकल्प लिया ।

कार्यक्रम में केबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव ,विधायक ललित चन्द्राकर, विधायक रिकेश सेन ,पूर्व सांसद सरोज पांडे,पूर्व स्पीकर प्रेम प्रकाश पांडे, सावलाराम डहरे, रामजी भारती , जगन्नाथ पाणिग्रही, जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, प्रेमलाल साहू , प्रदीप गुप्ता , मनीष पांडे, प्रेमचंद देवांगन , डॉ प्रदीप चौधरी, महिला जिला अध्यक्ष स्वीटी कौशिक,चिन्ना केशवलू, तेजस एवं नटवर ताम्रकार सहित बड़ी संख्या भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे। पूर्व स्पीकर प्रेम प्रकाश पांडे ने कहा कि दीवाली हम सब ने मना ली है खुद का दिया जलाओ खुद का फटाका फोड़ो।

गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि आने वाला समय चुनाव का जो है महत्वपूर्ण है हम सब को संकल्प लेना चाहिए कि बीजेपी के कार्यकर्ता हमेशा सक्रिय रहे है, चुनाव में आगे बढ़े। संकल्प पर भाजपा काम करती है चाहे स्थानीय चुनाव हो या प्रदेश का हो या देश का हो भाजपा हमेशा समाज कल्याण के लिए देश के सशक्तीकरण के लिए काम करती है । चाहे घुसपैठियों को खदेड़ने की बात हो चाहे धारा 370 हटाने के मुद्दे की बात हो या नक्सली के सफाये का मुद्दा क्यों ना हो ये सब काम भाजपा सरकार ही कर सकती है ।

वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन कहा कि इस निकाय चुनाव में हम सरकार बनाएंगे केंद्र की सरकार करोड़ों रुपए दे रही है लेकिन निगम की शहर सरकार विकास कार्यों के प्रति कोई भी ध्यान नहीं क्षेत्र की जनता विधायक और सांसद के पास आकर सड़क नाली बिजली की मांग कर रही है।

भूपेश सरकार ने गरीबों के आवास की कोई चिंता नहीं की

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर निशाना साधते हुए कहा कि केंद्र की सरकार ने गरीबों के 18 लाख आवासों के लिए राशि राज्य सरकार को भेजी थी । लेकिन भूपेश सरकार ने गरीबों के आवास की कोई चिंता नहीं की और ना आवास बनाए। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से दीपक साहू, सरस्वती बंजारे, सुषमा जेठानी, मनीष अग्रवाल ,कार्यक्रम के पूर्व कवयित्री डॉ भुवन मोहिनी, कवि शशिकांत यादव,वीरेंद्र साहू, देवास ने काव्य पाठ किया। दोनों कवियों का स्वागत भाजपा जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने किया। सभी अतिथियों को राम की परिकात्मक मूर्ति देकर सम्मान किया ।

बालोद में अवैध धान भंडारण पर मंडी टीम की कार्रवाई, 21.20 क्विंटल धान जब्त

पीपुल्स संवाददाता ● बालोद
editor@peoplessamachar.co.in



जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी और व्यवस्थित बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन लगातार निगरानी कर रहा है। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार कृषि उपज मंडी समिति की टीम ने अवैध धान भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए ग्राम कोचवाही में 21.20 क्विंटल धान जब्त किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कल 18 नवंबर शाम 4.30 बजे कृषि उपज मंडी समिति बालोद के उपनिरीक्षक चंद्रकांत भुआर्ये ने ग्राम कोचवाही में जांच के दौरान 53 कट्टा धान जब्त किया।

यह धान कोचवाही निवासी रामनारायण साहू (पिता कीर्तन साहू, उम्र 59 वर्ष) से संबंधित है। जब्त धान की कुल मात्रा 21.20 क्विंटल तथा दर 2,200 रुपये प्रति क्विंटल है। उक्त कार्रवाई कृषि उपज मंडी अधिनियम, 1972 (क्रमांक 24, 1973) की धारा 2 एवं धारा 20 के अंतर्गत की गई है। मंडी टीम द्वारा नियमानुसार जब्ती की कार्रवाई की गई।

शिक्षित बेरोजगार युवाओ के लिये सुनहरा अवसर

पीपुल्स संवाददाता ● बलौदाबाजार
editor@peoplessamachar.co.in



जिले के शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर प्रदान करने हेतु जिला रोजगार कार्यालय परिसर बलौदाबाजार में 25 नवम्बर 2026 को रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। मेले का आयोजन सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित की जायेगी। रोजगार मेला में कुल 220 पदों पर भर्ती की जाएगी। रोजगार मेला में नियोजक विश्व भारती आटो मोबाईल प्रा.लि. बलौदाबाजार द्वारा सेल्स के 5 पद, शैक्षणिक योग्यता 12वीं पास, उम्र 18 से 30 वर्ष, वेतन 10 हजार से 15 हजार रूपए, कार्यक्षेत्र रायपुर होगा। इंडिया हेल्प पांइट रायपुर द्वारा मार्केटिंग के 100 पद, शैक्षणिक योग्यता 10वीं, उम्र 18 से 60 वर्ष, वेतन 9 हजार से 45 हजार रूपए तक, कार्यक्षेत्र रायपुर होगा। योग्यता स्नातक, अनुभव 0-5 वर्ष, उम्र 20 से 40 वर्ष, वेतन 12 हजार से 20 हजार रूपए, कार्यक्षेत्र रायपुर छत्तीसगढ़ होगा। इनफिनिटि सर्विसेस रायपुर द्वारा कलेक्शन ऑफिसर के 5 पद, शैक्षणिक योग्यता 12वीं पास, उम्र 21 से 30 वर्ष, वेतन 10 हजार से 15 हजार रूपए, कार्यक्षेत्र रायपुर होगा। इंडिया हेल्प पांइट रायपुर द्वारा मार्केटिंग के 100 पद, शैक्षणिक योग्यता 10वीं, उम्र 18 से 60 वर्ष, वेतन 9 हजार से 45 हजार रूपए तक, कार्यक्षेत्र रायपुर होगा।

कर्मचारियों के हड़ताल को कुचलने की नीति अलोकतांत्रिक है: फेडरेशन

पीपुल्स संवाददाता ● बालोद
editor@peoplessamachar.co.in



आक्रोश रैली के माध्यम से छत्तीसगढ़ के शासकीय कर्मचारियों के लोकतांत्रिक अधिकारों,सेवा सुरक्षा और संगठनात्मक स्वतंत्रता से छत्तीसगढ़ सरकार को स्मरण कराया गया है। यदि कर्मचारी अपनी जायज सेवा संबंधी मांगों,वेतन, महंगाई भत्ता,पदोन्नति अथवा अन्य अधिकारों के लिए शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक आंदोलन कर रहे हैं शासन उस आंदोलन को दबाने के लिए व्यक्तिगत कर्मचारियों के विरुद्ध ACB (भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो) अथवा EOW (आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा) की कार्रवाई, वेतनवृद्धि रोकने,ब्रेक इन सर्विस(Dies non) का नोटिस देने या निलंबन जैसे कदम उठाता है, तो इन कार्रवाइयों की वैधानिकता पर गंभीर जांच आवश्यक है।

युवा नशे से बचें, उनके कंधों पर देश का भार: अशोक जैन

पीपुल्स संवाददाता ● बलौदाबाजार
editor@peoplessamachar.co.in



नगर में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के द्वारा यह उत्सव, 2026-27 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन की विशेष उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिला स्तरीय आयोजित खेल एवं युवा कल्याण विभाग के द्वारा युवा उत्सव में लोक नृत्य, लोकगीत, चित्रकला, कविता लेखन, नुक्कड़ नाटक, पारंपरिक वेशभूषा, युवाओं के सकारात्मक संदेश वाली रील, का आयोजन किया गया। इस दौरान युवा उत्सव के अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन सहित अन्य अतिथि गणों का प्रीति बंछोर, जिला खेल अधिकारी ने पुष्प कुछ भेंट कर अभिनंदन किया।

IndusInd Bank क्षेत्रीय कार्यालय : 3ए अपर वुड स्ट्रीट ब्रांच, प्रथम मंजिल, सावित्री टॉवर, कोलकाता-700017

परिशिष्ट- IV-ए
[नियम 8 (6) का प्रावधान देखें]
अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री नोटिस

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए नीलामी बिक्री नोटिस, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधान के साथ पठित।

आम जनता को, और विशेष रूप से उधारकर्ता तथा गारंटर को सूचित किया जाता है कि नीचे बताई गई अचल संपत्ति, जिसे 'सिक्योर्ड क्रेडिटर' के पास गिरवी रखा गया था और जिसका भौतिक कब्जा इंडसइंड बैंक लिमिटेड (सिक्योर्ड क्रेडिटर) के अधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, उसे 'जैसी है, जहाँ है', 'जैसी है, जो है' और 'जो कुछ भी है' के आधार पर बेचा जाएगा। यह बिक्री नीचे दी गई तारीख को होगी, जिसका उद्देश्य इंडसइंड बैंक लिमिटेड (सिक्योर्ड क्रेडिटर) की 2,63,61,930.82 रुपये (दो करोड़ तिरसठ लाख इकसठ हजार नौ सौ तीस रुपये और बयासी पैसे) की बकाया राशि की वसूली करना है। यह राशि 31-10-2026 तक की है, और इसके साथ ही 01.11.2026 से अनुबंध में तय दर के अनुसार अतिरिक्त ब्याज भी देय होगा। यह राशि श्री पूरन दाल मिल (उधारकर्ता), श्री गोपाल कृष्ण अग्रवाल (गारंटर/स्वर्गीय रामजी लाल अग्रवाल के कानूनी वारिस), श्रीमती मंजू अग्रवाल (गारंटर), श्री अक्षत अग्रवाल (गारंटर), स्वर्गीय रामजी लाल अग्रवाल (जो जीवित रहते हुए गारंटर/बंधककर्ता थे, और अब उनके कानूनी वारिस उनका प्रतिनिधित्व कर रहे हैं), श्री बृजमोहन अग्रवाल (स्वर्गीय रामजी लाल अग्रवाल के कानूनी वारिस), श्री विजय अग्रवाल (स्वर्गीय रामजी लाल अग्रवाल के कानूनी वारिस), श्री योगेश अग्रवाल (स्वर्गीय रामजी लाल अग्रवाल के कानूनी वारिस) और श्री यशवंत अग्रवाल (स्वर्गीय रामजी लाल अग्रवाल के कानूनी वारिस) की ओर से इंडसइंड बैंक लिमिटेड (सिक्योर्ड क्रेडिटर) को देय है। संपत्ति का रिजर्व प्राइस (न्यूनतम मूल्य), अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट (बयाना राशि) और संपत्ति के निरीक्षण की तारीख नीचे दी गई है।

लॉट नं.	सुरक्षित संपत्ति का विवरण	ज्ञात भार	आरक्षित मूल्य	ईएमडी
1.	संपत्ति का वह पूरा हिस्सा, जिसका म्युनिसिपल हाउस नंबर 21/448 (नया म्युनिसिपल हाउस नंबर 17/575) है, जो आबादी सर्वे/खसरा नंबर 220 का हिस्सा है, जिसका क्षेत्रफल 5612 वर्ग फुट है (जिसमें उस पर बना निर्माण भी शामिल है)। यह संपत्ति रामसागर पारा, रायपुर खास, P.N. नंबर 106-A/62, R.I.C. रायपुर-1, तहसील और जिला रायपुर (छत्तीसगढ़) में स्थित है। सेल डीड (बिक्री विलेख) के अनुसार, इसकी सीमाएं इस प्रकार हैं: उत्तर में: गली के पार गणपतलाल पुरुषोत्तमदास का घर, दक्षिण में: गली के पार विक्रेता का घर, पूर्व में: बिसनलाल और विक्रेता का घर, पश्चिम में: सड़क। ***संपत्ति का विस्तृत विवरण उस सेल डीड में दिया गया है, जिसे 30.03.1981 को रायपुर के सब-रजिस्ट्रार कार्यालय में बुक नंबर ए-1, वॉल्यूम नंबर 7162 और सीरियल नंबर 15041 पर पंजीकृत किया गया था। यह सेल डीड श्री रामजी लाल अग्रवाल के नाम पर है (चूंकि अब श्री रामजी लाल अग्रवाल का निधन हो चुका है, इसलिए उनके कानूनी वारिस - श्री गोपाल कृष्ण अग्रवाल, श्री बृजमोहन अग्रवाल, श्री विजय अग्रवाल, श्री योगेश अग्रवाल और श्री यशवंत अग्रवाल - उनका प्रतिनिधित्व कर रहे हैं)।	NIL	रुपये 2,71,53,000/- (दो करोड़ इकहत्तर लाख तिरपन हजार रुपये मात्र)	रुपये 27,15,300 (सत्ताईस लाख पंद्रह हजार तीन सौ रुपये मात्र)

नीलामी की तिथि और समय	29-12-2026 (10:00 am till 11:00 am)
ऑनलाइन नीलामी वेबसाइट	https://www.bankeauctions.com
ऑनलाइन बोलियां जमा करने की अंतिम तिथि	28-12-2026
न्यूनतम बोली वृद्धि राशि	Rs. 1,00,000/- only
इच्छुक खरीदारों के लिए संपत्ति के निरीक्षण की तिथि और समय	12-12-2026 (11:00 am till 01:00 pm)
संपर्क विवरण अधिकृत अधिकारी	Mobile No. 9874438785 Email: rohit.swaroop@indusind.com

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट यानी www.indusind.com या सेवा प्रदाता की वेबसाइट यानी https://www.bankeauctions.com पर दिए गए लिंक को देखें।

सरफेसी अधिनियम के प्रावधानों/नियमों के तहत बिक्री के लिए वैधानिक 30 दिन का नोटिस

उधारकर्ता/बंधककर्ता/गारंटर इसे 30 दिनों की बिक्री सूचना के रूप में मान सकते हैं। उधारकर्ता/बंधककर्ता/गारंटर को इस बिक्री सूचना की तिथि से 30 दिनों के भीतर ऊपर बताए अनुसार अपनी देयता का पूर्ण रूप से निर्वहन करने और सुरक्षित परिसंपत्तियों पर बंधक को भुनाने का अंतिम और अंतिम अवसर दिया जाता है, ऐसा न करने पर सुरक्षित परिसंपत्तियों को ऊपर बताए गए नियमों और शर्तों के अनुसार बेचा जाएगा।

दिनांक : 20.11.2026 अधिकृत अधिकारी
स्थान : रायपुर इंडसइंड बैंक लि.

IndusInd Bank क्षेत्रीय कार्यालय : 3ए अपर वुड स्ट्रीट ब्रांच, प्रथम मंजिल, सावित्री टॉवर, कोलकाता-700017

परिशिष्ट- IV-ए
[नियम 8 (6) का प्रावधान देखें]
अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री नोटिस

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए नीलामी बिक्री नोटिस, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधान के साथ पठित।

आम जनता को, और विशेष रूप से उधारकर्ता तथा गारंटर को सूचित किया जाता है कि नीचे बताई गई अचल संपत्तियां, जो 'सिक्योर्ड क्रेडिटर' के पास गिरवी रखी गई हैं, जिनका भौतिक कब्जा इंडसइंड बैंक लिमिटेड (सिक्योर्ड क्रेडिटर) के अधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, उसे 'जैसी है, जहाँ है', 'जैसी है, जो है' और 'जो कुछ भी है' के आधार पर बेचा जाएगा। यह बिक्री 1,30,57,880.86 रुपये (एक करोड़ तीस लाख सत्तावन हजार आठ सौ अस्सी रुपये और छियासी पैसे) की वसूली के लिए की जा रही है, जो 31.10.2026 तक की बकाया राशि है। इसके साथ ही, 'सेंक्शन लेटर' के अनुसार लागू दर से ब्याज, 18.75% की दर से दंडात्मक ब्याज (साधारण आधार पर), और 01.11.2026 से अनुबंध में तय दर से आगे का ब्याज भी देय होगा। यह राशि इंडसइंड बैंक लिमिटेड (सिक्योर्ड क्रेडिटर) को, मेसर्स वैष्णवी ट्रेडिंग कंपनी (उधारकर्ता), श्री गोविंद प्रसाद शर्मा (गिरवी रखने वाले/गारंटर) और श्रीमती नीतू शर्मा (गारंटर) से, तथा उनके ग्रुप अकाउंट - श्री गोविंद प्रसाद शर्मा (उधारकर्ता/गिरवी रखने वाले), मेसर्स वैष्णवी ट्रेडिंग कंपनी (गारंटर) और श्रीमती नीतू शर्मा (गारंटर) से वसूल की जानी है। संपत्ति का रिजर्व प्राइस (न्यूनतम मूल्य), बयाना राशि और संपत्ति के निरीक्षण की तारीख नीचे दी गई है।

लॉट नं.	सुरक्षित संपत्ति का विवरण	ज्ञात भार	आरक्षित मूल्य	ईएमडी
1.	**संपत्ति 1:** 'शुभ बिजनेस टॉवर' में स्थित ऑफिस नंबर 215, पहली मंजिल, जिसका सुपर/बिल्ट-अप एरिया 120.54 वर्ग फुट और ऊंचाई 10'5 फीट है। यह संपत्ति भैरथान रोड, रामसागर पारा, वार्ड नंबर 17, रायपुर, पीएच नंबर 106ए, तहसील और जिला रायपुर, छत्तीसगढ़-492001 में स्थित है (इसमें डीड के अनुसार जमीन/क्षेत्रफल का आनुपातिक अविभाजित हिस्सा भी शामिल है)। यह ऑफिस रायपुर नगर निगम की सीमा के अंतर्गत आता है। इसकी सीमाएं इस प्रकार हैं- उत्तर में: सलूजा स्टील, दक्षिण में: कॉमन पैसेज (साझा रास्ता), पूर्व में: ऑफिस नंबर 216, पश्चिम में: ऑफिस नंबर 214 इस संपत्ति का विस्तृत विवरण 13.09.2013 को श्री गोविंदा प्रसाद शर्मा के नाम से निष्पादित सेल डीड (बिक्री विलेख) नंबर 3126 में दिया गया है। **संपत्ति 2:** 'शुभ बिजनेस टॉवर' में स्थित ऑफिस नंबर 216, पहली मंजिल, जिसका सुपर/बिल्ट-अप एरिया 120.54 वर्ग फुट और ऊंचाई 10'5 फीट है। यह संपत्ति भैरथान रोड, रामसागर पारा, वार्ड नंबर 17, रायपुर, पीएच नंबर 106ए, तहसील और जिला रायपुर, छत्तीसगढ़-492001 में स्थित है (इसमें डीड के अनुसार जमीन/क्षेत्रफल का आनुपातिक अविभाजित हिस्सा भी शामिल है)। यह ऑफिस रायपुर नगर निगम की सीमा के अंतर्गत आता है। इसकी सीमाएं इस प्रकार हैं- उत्तर में: सलूजा स्टील, दक्षिण में: कॉमन पैसेज (साझा रास्ता), पूर्व में: ऑफिस नंबर 216ए, पश्चिम में: ऑफिस नंबर 215 इस संपत्ति का विस्तृत विवरण 21.05.2014 को श्री गोविंदा प्रसाद शर्मा के नाम से निष्पादित सेल डीड (बिक्री विलेख) नंबर 2253 में दिया गया है।	NIL	रुपये 31,25,000 (इकतीस लाख पच्चीस हजार रुपये मात्र) (संपत्ति 1 और संपत्ति 2 का संयुक्त आरक्षित मूल्य)	रुपये 3,13,000/- (तीन लाख तेरह हजार रुपये मात्र) (संपत्ति 1 और संपत्ति 2 का संयुक्त मूल्य)

नीलामी से संबंधित विवरण नीचे दिए गए हैं:

नीलामी की तिथि और समय	29-12-2026 (10:30 am till 11:30 am)
ऑनलाइन नीलामी वेबसाइट	https://www.bankeauctions.com
ऑनलाइन बोलियां जमा करने की अंतिम तिथि	28-12-2026
न्यूनतम बोली वृद्धि राशि	Rs. 50,000/- only
इच्छुक खरीदारों के लिए संपत्ति के निरीक्षण की तिथि और समय	12-12-2026 (12:00 pm till 02:00 pm)
संपर्क विवरण अधिकृत अधिकारी	Mobile No. 9874438785 Email: rohit.swaroop@indusind.com
नीलामी एजेंसी का नाम	M/s C1 India Pvt. Ltd.
हेल्प लाइन नंबर	07291981124/ 25/ 26
ईमेल पता	support@bankeauctions.com; delhi@c1india.com
वेबसाइट पता	https://www.bankeauctions.com

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट यानी www.indusind.com या सेवा प्रदाता की वेबसाइट यानी https://www.bankeauctions.com पर दिए गए लिंक को देखें।

सरफेसी अधिनियम के प्रावधानों/नियमों के तहत बिक्री के लिए वैधानिक 30 दिन का नोटिस

उधारकर्ता/बंधककर्ता/गारंटर इसे 30 दिनों की बिक्री सूचना के रूप में मान सकते हैं। उधारकर्ता/बंधककर्ता/गारंटर को इस बिक्री सूचना की तिथि से 30 दिनों के भीतर ऊपर बताए अनुसार अपनी देयता का पूर्ण रूप से निर्वहन करने और सुरक्षित परिसंपत्तियों पर बंधक को भुनाने का अंतिम और अंतिम अवसर दिया जाता है, ऐसा न करने पर सुरक्षित परिसंपत्तियों को ऊपर बताए गए नियमों और शर्तों के अनुसार बेचा जाएगा।

दिनांक : 20.11.2026 अधिकृत अधिकारी
स्थान : रायपुर इंडसइंड बैंक लि.

IndusInd Bank क्षेत्रीय कार्यालय : 3ए अपर वुड स्ट्रीट ब्रांच, प्रथम मंजिल, सावित्री टॉवर, कोलकाता-700017

परिशिष्ट- IV-ए
[नियम 8 (6) का प्रावधान देखें]
अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री नोटिस

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए नीलामी बिक्री नोटिस, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधान के साथ पठित।

आम जनता को, और विशेष रूप से उधारकर्ता तथा गारंटर को सूचित किया जाता है कि नीचे बताई गई अचल संपत्तियां, जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी/चार्ज की गई हैं और जिनका भौतिक कब्जा इंडसइंड बैंक लिमिटेड (सुरक्षित लेनदार) के अधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, उन्हें 'जैसी है, जहाँ है', 'जैसी है, वैसी ही' और 'जो कुछ भी है, उसी स्थिति में' के आधार पर नीचे दी गई तारीखों पर बेचा जाएगा। यह बिक्री 81,84,39,215.48 रुपये (इक्यासी करोड़ चौरासी लाख उनतालीस हजार दो सौ पंद्रह रुपये और अड़तालीस पैसे) की वसूली के लिए की जा रही है, जो 31-08-2025 तक की बकाया राशि है। इसके साथ ही, 01-09-2025 से अनुबंध में तय दर के अनुसार अतिरिक्त ब्याज भी देय होगा। यह राशि इंडसइंड बैंक लिमिटेड (सुरक्षित लेनदार) को श्री सुनील कुमार जैन (गारंटर), श्री सुनील कुमार जैन (गारंटर), श्रीमती चंद्र कला जैन (गारंटर), श्री संजू जैन (गारंटर), श्री सुरेश कुमार जैन (गारंटर), श्री बिहारीलाल जैन (गारंटर) और मेसर्स सुशील इंडस्ट्रीज (जिसका प्रतिनिधित्व इसके प्रोपराइटर - सुशील कुमार जैन करते हैं) (गारंटर) से वसूल की जानी है। संपत्ति का रिजर्व प्राइस (न्यूनतम मूल्य), अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट (बयाना राशि) और संपत्ति के निरीक्षण की तारीख नीचे दी गई है।

लॉट नं.	सुरक्षित संपत्ति का विवरण	ज्ञात भार	आरक्षित मूल्य	ईएमडी
1.	सुशील कुमार जैन के नाम पर दर्ज संपत्ति, जिसमें प्लॉट नंबर 9 (सर्वे नंबर 355(P) का हिस्सा) शामिल है, जिसका क्षेत्रफल 286 वर्ग फुट है (इस पर बने निर्माण सहित)। यह संपत्ति अन्नपूर्णा कॉम्प्लेक्स, अग्रसेन रोड, मौजा-भैस्थान, रामसागरपारा, ग्राम-चिरहुलडीह, पीएच नंबर 106, R.I.C.-रायपुर-1, रामसागरपारा वार्ड नंबर 17, तहसील और जिला रायपुर, छत्तीसगढ़ में स्थित है। सेल डीड (बिक्री विलेख) के अनुसार, इसकी सीमाएं इस प्रकार हैं: उत्तर में - किसी अन्य की संपत्ति, दक्षिण में - सड़क, पूर्व में - विक्रेता की संपत्ति, और पश्चिम में - विक्रेता की संपत्ति।	NIL	रु. 22,50,000/- (बाईस लाख पचास हजार रुपये मात्र)	रु. 2,25,000/- (दो लाख पच्चीस हजार रुपये सिर्फ.)
2.	चंद्रकला जैन के नाम पर मौजूद वह पूरी संपत्ति, जिसमें ऑफिस नंबर 327 शामिल है, जिसका कारपेट एरिया 165 वर्ग फुट है (इस पर हुए निर्माण सहित)। यह संपत्ति अरिहंत कॉम्प्लेक्स की तीसरी मंजिल पर स्थित है, जो म्युनिसिपल हाउस नंबर 12/358 से 365 (कलकरपारा वार्ड नंबर 14 - पुराना, इंदिरा गांधी वार्ड नंबर 20 - नया), स्टेशन रोड, ग्राम रायपुर खास, पीएच नंबर 106-ए, R.I.C. - रायपुर-कस्टी, तहसील और जिला रायपुर, छत्तीसगढ़ के अंतर्गत आती है। सेल डीड (बिक्री विलेख) के अनुसार, इसकी सीमाएं इस प्रकार हैं: उत्तर में बिल्डिंग का पैसेज (रास्ता), दक्षिण में सड़क, पूर्व में ऑफिस नंबर 326 और पश्चिम में ऑफिस नंबर 328।	NIL	रु. 8,20,000/- (आठ लाख बीस हजार रुपये मात्र)	रु. 82,000/- (बयासी हजार रुपये सिर्फ.)
3.	चंद्रकला जैन के नाम पर मौजूद वह पूरी संपत्ति, जिसमें श्री कृष्ण अपार्टमेंट के ब्लॉक D का फ्लैट नंबर D-105 शामिल है। इसका बिल्ट-अप एरिया 784.93 वर्ग फुट और बालकनी का एरिया 90.93 वर्ग फुट है, जो कुल मिलाकर 875.86 वर्ग फुट होता है (इस पर हुए निर्माण सहित)। यह संपत्ति ग्राम मोवा में सर्वे नंबर 625/4-7, 625/5-8, 625/9-10 के हिस्से पर स्थित है, पीएच क्रमांक 109, R.I.C.- रायपुर-1, डॉ. भीमराव अंबेडकर वार्ड क्रमांक 27, शहर, तहसील और जिला रायपुर, छत्तीसगढ़। बिक्री विलेख (सेल डीड) के अनुसार, इसकी सीमाएं इस प्रकार हैं: उत्तर में फ्लैट क्रमांक ए-106, दक्षिण में खुली जगह, पूर्व में खुली जगह और पश्चिम में गलियारा।	NIL	रु. 17,50,000/- (सत्रह लाख पचास हजार रुपये मात्र)	रु.1,75,000/- (एक लाख पचहत्तर हजार रुपये सिर्फ.)
4.	श्री बिहारी लाल जैन के नाम पर संपत्ति का वह हिस्सा, जिसमें प्लॉट क्रमांक 32 (सर्वे क्रमांक 696/7 का भाग) शामिल है, जिसका क्षेत्रफल 2400 वर्ग फुट है (इस पर हुए निर्माण सहित)। यह संपत्ति स्वामी आत्मानंद वार्ड क्रमांक 15, समता कॉलोनी, ग्राम - चिरहुलडीह, पीएच क्रमांक 106-बी, R.I.C. - रायपुर-I, शहर, तहसील और जिला रायपुर, छत्तीसगढ़ में स्थित है। बिक्री विलेख (सेल डीड) के अनुसार, इसकी सीमाएं इस प्रकार हैं: उत्तर में प्लॉट क्रमांक 26, दक्षिण में सड़क, पूर्व में प्लॉट क्रमांक 31 और पश्चिम में प्लॉट क्रमांक 31	NIL	रु.1,45,00,000/- (एक करोड़ पैंतालीस लाख रुपये मात्र)	रु. 14,50,000/- (चौदह लाख पचास हजार रुपये सिर्फ.)

नीलामी की तिथि और समय	For Lot No. 1: 29-12-2026 (11:00 am till 12:00 pm) For Lot No